भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2097

जिसका उत्तर सोमवार, 5 अगस्त, 2024/14 श्रावण, 1946 (शक) को दिया गया

सोने के बदले लिए गए ऋण संबंधी डेटा

2097. श्री खलीलुर रहमान:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास देश में गिरवी रखे गए सोने के बदले लिए गए ऋण का कोई डेटा है;

(ख) संपूर्ण देश में पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान व्यक्तियों द्वारा सोना गिरवी रखकर लिए गए ऋण की राशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सोने के बदले ऋण लेने वाले व्यक्तियों की संख्या बढ़ी है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) पिछले पांच वर्षों के दौरान बैंकिंग और गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों द्वारा वर्ष-वार कितना लाभ कमाया गया?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) से (ग): भारतीय रिज़र्व बैंक ने सूचित किया है कि बैंकों के "स्वर्ण ऋण- बकाया अग्रिम" से संबंधित आंकड़े वित्तीय वर्ष 2022-23 से ही एकत्रित किए जा रहे हैं, तथा बैंक के खातों की संख्या-स्वर्ण ऋण के संबंध में सूचना उनके द्वारा नहीं रखी जाती है तथापि दिनांक 31.3.2023 और दिनांक 31.3.2024 की स्थिति के अनुसार, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) के बकाया स्वर्ण ऋण क्रमशः ₹ 6,15,341 करोड़ और ₹ 7,73,248 करोड़ हैं। इसके अलावा दिनांक 31.3.2020 से 31.3.2024 की स्थिति के अनुसार, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) द्वारा स्वर्ण के बदले लोगों को दिए गए अग्रिम को अनुबंध में दर्शाया गया है।

(घ): विगत पांच वर्ष के दौरान एससीबी और एनबीएफसी के कुल निवल लाभ की राशि निम्नानुसार है:-

(राशि करोड़ रुपये में)

वित्तीय वर्ष	**एससीबी**	**एनबीएफसी** *
2019-20	11,322	43,700
2020-21	1,22,339	50,991
2021-22	1,82,140	87,980
2022-23	2,63,286	1,38,023
2023-24	3,53,369	1,84,511

(स्रोत: आरबीआई)

*नवीन वर्गीकरण के अनुसार उक्त आंकडे ऊपरी सीमा और मध्य सीमा में एनबीएफसी के लिए है।

अनुबंध

"सोने के बदले लिए गए ऋण संबंधी डेटा" के संबंध में दिनांक 5.8.2024 का
लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2097

गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा सोने के बदले लोगों को दिए गए बकाया अग्रिम

(राशि करोड़ रुपये में)

	निम्नलिखित की स्थिति के अनुसार				
	मार्च-20	**मार्च-21**	**मार्च-22**	**मार्च-23**	**मार्च-24**
गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ *	75,451	1,12,898	1,19,311	1,31,173	1,53,803

*दिनांक 19 अक्टूबर, 2023 के गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - स्केल आधारित विनियमन निर्देश के तहत नए वर्गीकरण के अनुसार *आंकडे* केवल ऊपरी सीमा और मध्य सीमा में एनबीएफसी के लिए प्रदान किये जाते हैं।

स्रोत: आरबीआई